सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक नगर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है जो सदस्य संगठनों के कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु कार्यशालाएं, संगोष्ठी तथा विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन करती रहती है। चूंकि यह काम सदस्य संगठनों के सहयोग से सम्पन्न होता है, इसलिए प्रतियोगिताओं के आयोजन का दायित्व अलग–अलग संगठनों को सौंप दिया जाता है। इस क्रम में नराकास ने वर्ष 2013 के दौरान हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व एमएमटीसी को सौंपा था। अतः 13 दिसंबर, 2013 को यह कार्यक्रम एमएमटीसी कार्यालय परिसर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया । प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों से 36 प्रतिभागी उपस्थित थे। क्रमानुसार सभी प्रतियोगियों ने अपनी कविताए मंजे हुए कवि की भांति पूरे लय में सुनायीं। कविताए भ्रष्टाचार, महंगाई, नारी–सुरक्षा, साम्प्रदायिकता, देश प्रेम और सामाजिक विसंगतियों जैसे सम–सामयिक विषयों पर आधारित थीं। भारी संख्या में उपस्थिति रही जिसमें महिलाएं पुरूषों की तुलना में अधिक थीं तथा उनकी कविताओं में दर्द और संवेदना का स्फुरण भी अधिक था जो उनकी सृजनात्मकता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहा था। श्रोताओं ने तन्मयता से कविताओं का रसास्वादन किया।

मूल्यांकन हेतु नवभारत टाइम्स के वरिष्ठ संपादक श्री बाल मुकुन्दजी और जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. एम.पी.शर्मा को आमंत्रित किया गया था । प्रतिभागियों की रचनाएं सुनकर



निर्णायक भी बहुत प्रभावित थे और उनके लिए निर्णय देना भी कठिन हो रहा था क्योंकि सभी कवि एक से बढ़कर एक थे। फिर भी अपने कई मानदंडों के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय और तीन प्रोत्साहन; कुल मिलाकर छः विजेताओं का चयन किया गया। पुरस्कार राशि तथा शील्ड पर होने वाला व्यय एमएमटीसी वहन करेगी ।

निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की और कहा कि पुरस्कार की एक सीमा है, अतः जिन्हें पुरस्कार नहीं मिला है उनकी सहभागिता भी अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय है।

अंत में डॉ. मदन राय, अपर महाप्रबंधक(राजभाषा), एमएमटीसी ने सभी प्रतिभागियों एवं निर्णायकों को कार्यक्रम में उपस्थित होने तथा सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। चायपान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

Kudos

Shri Rajendra Prasad, GM, won the PHD Chamber – Unitech Golf Tournament – 2013 organized on 9th November 2013 at Unitech Golf & Country Club, Sector 96, Noida (UP). Diplomats & various senior officials from the government attended the Chamber's prestigious event, and about 200 golfers participated in it.

It is worth mentioning that Shri Rajendra Prasad had also won the 7th FICCI Golf Corporate Tournament in April 2013.



Shri Rajendra Prasad, GM, receiving the award from Shri Anil Goswami, IAS, Home Secretary, Govt. of India

Election of MMTC (CO) Officer's Association

A. Hembram
DGM (Minerals)

As per the decision of the General Body Meeting of MMTC CO Officers' Association dtd. 14th November 2013, the election of the MMTC (Corporate Office) Officers' Association was held on 9th December 2013. This election was held after a gap of nearly one decade. The election was smoothly conducted. The following officers were elected:-

Name of the Post	Name of Candidates	Designation
President	Shri. V.P. Mehta	General Manager
Vice President	Shri Abhay Kumar	Dy. General Manager
General Secretary	Shri Vikram Singh Meena	Dy. General Manager
Joint Secretary	Shri Mohit Jain	Dy. Manager
Treasurer	Shri Anup Kr. Sinha	Sr. Manager
Executive Members (5 posts)	Shri Rohit Jonwal	Dy. Manager
	Shri Vipin Kr. Katyal	Manager
	Ms. Amarjit Sharma	Sr. Manager
	Shri Nitya Nand Sinha	Dy. Manager
	Shri Ravi Kishore	General Manager
Executive Member (Women Category)	Ms. Ranjini Srinath	Sr. Manager
Executive Member (SC/ST Category)	Ms. Pallavi H. Kumar	Sr. Manager

Kudos



Yatharth Singh, S/o Shri Jaideep Singh, Sr. OM (CO), was selected for DDCA Under-16 team for Vijay Merchant Trophy for two games; played against Haryana during 16th to18th December 2013, and played against Jammu & Kashmir during 21st to 23rd December 2013.

Yatharth is a student of class IX at Salwan Public School, Mayur Vihar, Phase-III.



Recipients of the Long Service Awards who completed 15 or 30 years of service between October 2012 and October 2013

Long Service Awards at CO

The Long Service award ceremony was held in Corporate Office on 13th November 2013 for the employees who had completed 30 or 15 years of service to MMTC between 1st October 2012 and 1st October 2013. The awards were presented by Shri Rajeev Jaideva, Director (Personnel).

Employees who completed 30 years of service between 01.10.12 and 01.10.13 :-

- **Sh Rajiv Sinha, GM**
- **Sh Durga Prasad Pal, DGM**
- **Sh Hemant Kumar Bisht, Sr. Mgr**
- **Sh Gurmeet Singh, Sr. Mgr**
- **Sh Rajinder Prasad, Manager**
- **Sh Rajinder Kumar, Sr. OM**
- **Sh Kavinder Singh Rawat, Sr. OM**
- **Ms Darshan Dani, Sr. OM**
- **Sh Anil Kumar Saxena, Sr. OM**
- **Sh Satyavir Sharma, Sr. OM**
- **Sh Vinod Kumar, Sr. OM(PS)**
- **Sh Jai Bhagwan Singh, Sr. OM(PS)**
- **Sh Umesh Chander, OM**
- **Ms Indu Nautiyal, OM**
- **Sh Ram Kumar, Gr - III**

Employees who completed 15 years of service between 01.10.2012 and 01.10.2013 :-

- **Ms Poonam Taneja, Sr. Mgr**
- **Sh Anand Kumar, Steno**
- **Sh Ajendar Malik, Assistant**

MMTC acknowledges the sincere commitment and dedicated service of its employees to the Corporation.



हिंदी सप्ताह समापन के दौरान आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी महाप्रबंधक श्री वी.के. चौधरी तथा वित्त एवं लेखा के अधिकारी श्री सुरेश हिरानंदानी, व. कार्यालय प्रबंधक

गोवा में आयोजित हिंदी सप्ताह

मंदा अरूण वल्वईकर
व. का. प्रबंधक (राजभाषा)

गोवा क्षेत्रीय कार्यालय में 23.09.2013 से 30.09.2013 तक हिंदी सप्ताह बड़े उत्साह से मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका ब्यौरा इस प्रकार है:–

दिनांक 23.09.2013 को प्रभारी श्री वी.के. चौधरी ने सप्ताह का उद्घाटन किया। दिनांक 27.09.2013 हिंदी निबंध प्रतियोगिता रखी गयी जिसमें दो विषय दिए गए थे :–

1. देश के विकास के लिए महिलाओं का योगदान।
2. बलात्कार समाज पर कलंक।

इस प्रतियोगिता में क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

दिनांक 30.09.2013 को भाषण प्रतियोगिता, पढंत प्रतियोगिता, तथा हिंदी सप्ताह समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह बड़े उत्साह से कुशलतापूर्ण संपन्न हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री वी.के. चौधरी, महाप्रबंधक जी थे। सुश्री मंदा वल्वईकर ने स्वागत भाषण में सभी का हार्दिक स्वागत करते हुए संक्षिप्त में हिन्दी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा मनाने का उद्धेश कथन किया, तद्उपरांत मुख्य अतिथि श्री चौधरी जी स्वयं तथा दो निर्णायक श्री एन.एस. रासम ने राजभाषा विभाग की ओर से मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अधिकारी एवं कर्मचारि संघ के सचिव श्री लक्ष्मण पोरोब ने और कर्मचारि संघ की तरफ से श्री जी.बी. गांवकर ने पुष्पगुच्छ देकर श्री मनोज बसाक जी का स्वागत किया ।

सुश्री वल्वईकर ने मुख्य अतिथि से श्रोताओं को परिचय करवाया, तद्उपरांत मुख्य अतिथि ने श्रोताओं को राजभाषा के संबध में उसका महत्व तथा प्रतियोगिताओं के संबध में जानकारी के बारे में संबोधित किया। समापन आयोजन के दौरान सर्वप्रथम भाषण प्रतियोगिता हुई, उसके परिक्षण कार्य के लिए दो निर्णायक थे, तथा मुख्य अतिथि ने परिक्षण कार्य में मुख्य निर्णायक का भी काम निभाया।

भाषण प्रतियोगितां के निम्नलिखित विषय थे :–

1. आज की मंहगाई देश की अर्थव्यवस्था पर ग्रहण।

2. चलचित्र एक वरदान या अभिशाप।

उसके बाद पढंत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कहानियों का परिच्छेद मंच पर आकर पढ़ना था। इस प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत अधिकारियो और कर्मचारियों में आत्मविश्वास जगाने और गोवा कार्यालयों में हिंदी के प्रचार में सभी का हिस्सा और इसकी प्राथमिकता के बारे में बताना था। इस प्रतियोगिता को सभी ने सराहा।

सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार प्रदान किया, तथा हिंदी सप्ताह दौरान आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, तथा गोवा शिपयार्ड के राजस्तरिय प्रतियोंगिताओं में सहभाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किए हुए कर्मचारियों श्री लक्ष्मण शंभू पोरोब एवं सुश्री माला कृष्णा दाभोलकर को पुष्पगुच्छ तथा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।



प्रभारी महाप्रबंधक श्री वी.के. चौधरी, गोवा शिपयार्ड द्वारा आयोजित अखिल गोवा राज्य स्तरीय हिंदी पत्र, परिपत्र एवं अनुवाद प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार विजेती सुश्री माला कृष्णा दाभोलकर वरिष्ठ प्रबंधक (पीएमडी) को पुष्पगुच्छ और प्रमाणपत्र भेट देकर सम्मानित करते हुए

पुरस्कार वितरण के उपरांत हमारे प्रभारी श्री चौधरी जी ने सभी का आभार प्रकट किया, तथा राजभाषा विभाग कि सफल कार्य के लिए प्रशंसा की। हिंदी सप्ताह कि सफलता के लिए मुख्य अतिथि ने सभी सहभागियों की प्रशंसा की, और शुभकामनाएं दी, और कहा इस तरह के आयोजन में, उत्साहपूर्वक और लगन से प्रयास करने चाहिए, जिससे हिंदी के प्रचार में ज्यादा से ज्यादा रूची बढ़े ताकि प्रयास सिर्फ प्रोत्साहन राशि पाने तक सीमित न रहे दैनिक कामकाज में रूचि लाने का प्रयास किया जाए।



प्रभारी महाप्रबंधक श्री वी.के. चौधरी, गोवा शिपयार्ड द्वारा आयोजित अखिल गोवा राज्य स्तरीय 'हिंदी बात मेरे मन की' प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजेता श्री लक्ष्मण पोरोब प्रबंधक (सतर्कता) को पुष्पगुच्छ और प्रमाणपत्र भेट देकर सम्मानित करते हुए

बधाई

हिंदी सप्ताह समापन के दौरान गोवा क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी महाप्रबंधक जी श्री वी.के. चौधरी ने एमएमटीसी कार्यालय को 30 साल अविरत सेवा प्रदान किए कर्मचारी सुश्री शवरिना फर्नान्डीस, प्रबंधक (आंतरिक लेखा परिक्षक) और सुश्री शुभांगी रायकर प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) अधिकारियों को पुप्पगुच्छ भेंट तथा सौ ग्राम चाँदी का सिक्का प्रदान करके सम्मानित किया।

चेन्नई में हिंदी पखवाड़े का आयोजन

दिनेश कुमार
मुख्य प्रबंधक (राजभाषा)

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता है, चूंकि 14 सितंबर, 1949 को भारतीय संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसलिए भारत सरकार के सभी उपक्रमों तथा मंत्रालयों आदि में इसी अवधि के दौरान हिंदी दिवस, हिंदी सप्ताह अथवा हिंदी पखवाड़े के रूप में मनाया जाता है।

चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 02 सितंबर से 16 सितंबर की अवधि के दौरान हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़े के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय में श्रुतलेखन, अनुवाद एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

चूंकि क्षेत्रीय कार्यालय में सभी कार्मिकों के हिंदी के ज्ञान का स्तर एक समान नहीं है अतः इन्हें तीन श्रेणियों ए, बी एवं सी में बांटा गया। इन्हीं श्रेणियों के आधार पर पुरस्कार की राशि को भी वितरित कर दिया गया। तमिलनाडु राज्य में सामान्य तौर पर हिंदी का विरोध होता रहा है लेकिन हमारे कार्यालय में कार्मिकों की हिंदी के प्रति रूचि एवं उत्साह काफी प्रेरणादायक था। सभी प्रतियोगिताओं में अच्छी भागीदारी थी और इस दौरान कार्यालय का माहौल पूरा हिंदीमय हो गया था। सभी कार्मिकों के हाथों में इन प्रतियोगिताओं की तैयारी हेतु किसी न किसी प्रकार का पेपर नज़र आ रहा था।

हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह का आयोजन दिनांक 26.09.2013 को किया गया। समापन समारोह में हमने हिंदी शिक्षण योजना से सुश्री सुप्रजा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। समापन समारोह के दिन हमने एक क्विज़ प्रतियोगिता रखी थी जिसमें राजभाषा नीति के साथ–साथ सामयिक विषयों, जैसे राजनीति, खेल, फिल्में इत्यादि पर प्रश्न पूछे गए और सही उत्तर देने वाले को तुरंत पुरस्कार दिया जा रहा था। ये प्रतियोगिता कुछ हट कर थी अतः इसके लिए कार्यालय के सभी कार्मिकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। समापन समारोह में महाप्रबंधक महोदय एवं मुख्य अतिथि महोदय के कर कमलों से सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

चेन्नई में हिंदी का प्रशिक्षण

दिनेश कुमार
मुख्य प्रबंधक (राजभाषा)

चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय में अभी तक लिपिक वर्गीय कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना शेष था क्योंकि कार्मिकों को कार्यालय से बाहर जाना पड़ता था जिससे कार्मिक प्रशिक्षण में पूर्ण रुचि नहीं दिखाते थे और प्रशिक्षण पूरा नहीं कर पा रहे थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हमने हिंदी शिक्षण योजना कार्यालय से संपर्क करके योजना बनाई कि इसे किस प्रकार शीघ्र निपटाया जाए। हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत उनके द्वारा दिए जा रहे गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम को चुना गया जिसके अनुसार प्रबोध, प्रवीण एवं प्राज्ञ के हिंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम को तीन महीनों के अंदर पूरा कर दिया जाता है। प्रशिक्षण के अंतर्गत पूरे दिन के लिए कक्षाएं चलाई जाती थीं अतः प्रशिक्षण के लिए हमने अपने कार्यालय में ही कक्षा प्रारंभ की ताकि कार्य में भी किसी प्रकार की बाधा न आए। इस कार्यक्रम को चलाने हेतु प्रबंध तंत्र की ओर से भी पूरा सहयोग दिया गया। हमने गहन प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रबोध के स्तर के कार्मिकों से इसे प्रारंभ किया जिसमें हमने 12 कार्मिकों को नामित किया था। प्रबोध का प्रशिक्षण समाप्त होने के उपरांत इसके सभी कार्मिक पास हो जाने पर प्रवीण की कक्षा में आ गए और इन्हीं के साथ हमने प्रवीण प्रशिक्षण के लिए शेष कार्मिकों को शामिल कर दिया। इसी प्रकार प्रवीण परीक्षा में उत्तीर्ण कार्मिक प्राज्ञ में आ गए और उनके साथ प्राज्ञ के लिए बचे कार्मिकों को भी शामिल कर दिया। प्राज्ञ में कक्षा की संख्या 24 हो गई थी। इसमें रोचक बात यह रही कि सभी नामित कार्मिकों ने पूरी लगन से इसमें भागीदारी ली और इतने कम समय में ज्ञान प्राप्त करके सभी कार्मिक परीक्षाओं में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए।

विशाखापटणम में राजभाषा कार्यालय

जगन्नाधम
वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा)



दिनांक 13.12.2013 को क्षेत्रीय कार्यालय, विशाखापटणम में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री एस.के. दास, महाप्रबंधक ने कार्यशाला का शुभारंभ किया।

श्री एस. के. दास ने कार्यशाला में भाग लिए अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय में हिन्दी की प्रगति में बढोत्तरी एवं दैनिक कामकाज में उसके अधिक से अधिक प्रयोग के लिए एक कार्यशाला को आयोजित किए जाने की आवश्यकता है। हमने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में क्षेत्रीय कार्यालय, विशाखापटणम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए कार्यशाला के आयोजन के लिए निर्णय लिया है। समिति सदस्यों के निर्णय के अनुसार ही कार्यशाला का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया है कि वे इस कार्यशाला का लाभ उठाए एवं अपने कामकाज में हिन्दी का प्रयोग अवश्य करें।

श्री शंकर डोरा, हिन्दी प्राध्यापक, हिन्दी शिक्षण योजना, विशाखपटणम ने कार्यशाला में नामित अधिकारी एवं कर्मचारी का राजभाषा से संबंधित नीति एवं व्याकरण के बारे में अवगत किया। कुल मिलाकर 15 अधिकारी एवं कर्मचारी ने हिन्दी कार्यशाला में भाग लेकर इसका लाभ उठाया।

अंत में श्री मलरवण्णन, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने धन्यवाद के साथ कार्यशाला का समापन किया।

Morality Story

An old man went to stay with his son, daughter-in-law and young grandson. Since he was frail, he would make a mess on the dinner table while eating. The family gave him a separate table in a corner and a wooden bowl to eat in. One day, he was admonished for dropping food, but did not answer; the grandson saw a tear trickle down the old man's cheek. The next day, the father saw his son playing with bits of wood. "I'm trying to make a bowl for you to eat in when I grow up," the boy said to his father. Realization hit home for the family. From then on, the family ate together and would be quiet and understanding when the old man dropped food.

Source: The Sunday Standard, 24th November 2013 edition
Contributed by Shri Madhusudan Jena, Sr. Manager (Law)



भुवनेश्वर में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन

एस रहीम बाशा
उपप्रबंधक (राजभाषा)

अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन 18/10/2013 से 20/10/2013 की अवधि में के.आई.आई.टी. विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर, में 'विष्वमुक्ति' द्वारा आयोजित किया गया। श्री एस रहीम बाशा, उपप्रबंधक, को सम्मेलन में भाग लेने के लिए नामित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन डा. प्रसन्न कुमार पाटसाणी, संसद सदस्य (लोकसभा), भुवनेश्वर और 'विष्वमुक्ति' के माननीय अध्यक्ष, और डॉ. ए. सामंत, के.आई.आई.टी. और कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के संस्थापक के साथ, श्री ए.एन. सहाय, एम.सी.एल. के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने की।

पहला सत्र ''राजभाषा की वर्तमान स्थिति'' और दूसरा सत्र ''राजभाषा के उपयोग में प्रशासन समस्याओं और उनके समाधान'' के बारे में आयोजित किया गया। तीसरा सत्र ''कंप्यूटर के उपयोग और यूनिकोड के महत्व'' के बारे में था। तीनों सत्र बहुत जानकारीपूर्ण और दिलचस्प थे।

पहले दिन के सूचनात्मक सत्रों के बाद दूसरा दिन दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए आबंटित किया गया था, और प्रतिनिधियों को एक बस टूर पर ले जाया गया। शाम का सत्र 6.00 बजे शुरू किया गया था, जिसमें प्रख्यात व्यक्तियों को हिंदी भाषा और कविता के विकास में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। दूसरा दिन एक ''कवि संगोष्टी'' के साथ संपन्न हुआ।

अंतिम दिन ''हिन्दी : सामान्य भाषा और तकनीकी भाषा'' पर एक सत्र आयोजित किया गया, जिसके बाद ''हिंदी भाषा की जटिलताओं और उनके समुचित उपयोग'' पर अंतिम सत्र आयोजित किया गया।

समापन समारोह 3.30 बजे आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव, आयकर आयुक्त, भुवनेश्वर, श्री शशि भूषण बेहरा, संसद सदस्य (राज्य सभा), और डा. प्रसन्न कुमार पाटसाणी, संसद सदस्य (लोकसभा) थे। यह समारोह प्रार्थना और सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भाषण के साथ शुरू हुआ, और इस में यह घोषित किया गया कि 'विष्वमुक्ति' के. आई. आई. टी. विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर, में ''विश्व राजभाषा सम्मेलन'' का आयोजन करेगा। प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह के वितरण के साथ सम्मेलन संपन्न हुआ।

(Translated from English)



S. Rahim Basha
Dy. Manager (Admin/ RB)

RO Bhubaneswar Wins Export Awards

MMTC Limited, Bhubaneswar received two awards and Certificates of Excellence from the Directorate of Export Promotion and Marketing, Government of Odisha for outstanding performance in the Export of Pig Iron under Metallurgy group and in the Export of Iron ore, Chrome Ore & Concentrate under Minerals group for the years 2010-11. A glittering award function was organized by the Micro Small and Medium Enterprises Department (MSME), Government of Odisha on 11th December 2013 at Bhubaneswar. On behalf of MMTC, the awards were received by Shri Banshidhar Dash, GM, RO – Bhubaneswar, which were formally presented by the Secretary of MSME, Government of Odisha.


DIRECTORATE OF EXPORT PROMOTION AND MARKETING,
MSME DEPARTMENT, GOVERNMENT OF ODISHA
CERTIFICATE OF EXCELLENCE
AWARDED TO M/S. MMTC Limited, Bhubaneswar
FOR OUTSTANDING EXPORTS OF Iron Ore, Chrome Ore, Chrome Concentrate
IN THE YEAR 2010-11
Director Export Promotion and Marketing Odisha
Secretary to Govt. MSME Deptt. Odisha
Minister, MSME Odisha

DIRECTORATE OF EXPORT PROMOTION AND MARKETING,
MSME DEPARTMENT, GOVERNMENT OF ODISHA
CERTIFICATE OF EXCELLENCE
AWARDED TO M/S. MMTC Limited, Bhubaneswar
FOR OUTSTANDING EXPORTS OF Pig Iron
IN THE YEAR 2010-11
Director Export Promotion and Marketing, Odisha
Secretary to Govt. MSME Deptt. Odisha
Minister, MSME Odisha

News from MMTC FOWA Bangalore

D.V.S.V. Prasad
Secretary, MMTC FOWA Bangalore

MMTC Former Officers' Association, Bangalore, conducted an all-India get-together meet of MMTC's retired employees earlier in 2013. Many ex-employees from Kolkata, Cuttack, Chennai, Hyderabad, Goa and Mumbai attended the function, which was successful.



From left: C.Ramagopal, Sahoo, Marathe, and Unwala

All the attendees recalled their respective experiences and pleasant memories during their tenure with MMTC. They expressed the need for frequent such meetings either at Bangalore or at any other central point to continue the chain of communication and interaction between the ex-MMTCians. Everyone present was specific to mention that MMTC is considerate of its retired employees, and that it can further improve the present medical scheme.

NY Function at - Bhubaneswar

S. Rahim Basha
Dy. Manager (Admin/ RB)

The New Year celebrations at RO – Bhubaneswar were organized on 1st January, 2014. The office entrance was decorated with flowers by the local Union and Officers Association. Banners welcoming the New Year were displayed at the entrance, and the staff and officers were welcomed with red roses. A function was organized in which the lighting of the traditional lamp and cake- cutting were done by Shri B. Dash, GM, and Shri Abhiram Das, DGM (F&A). Everyone exchanged New Year wishes and many employees spoke on this occasion. The function was concluded with distribution of sweets.



The Nuts & Bolts of Retail Business: Part III

M.K. Suryanarayanan
Ex-Senior Manager

Market Research and Analysis

Once a suitable place has been located, a market research and survey should be conducted. Contact potential consumers. Try to find out about your competitors, what they offer, quality of the product they offer, prices at which they offer, if any discounts are given. Compare all these with your products. Once you do this, you will find that there is something lacking which the end consumers want. Try and fill this gap. Test your products amongst the potential consumers to know about their reactions on quality, price, packaging, delivery, etc. Conduct a pre-launch ceremony at the retail by inviting a few eminent personalities in the area and offer gifts/ prizes.

Essentials of Good Retail

A bad product can thrive in a market and a good product can dwindle in sales. Can these two opposites happen? Yes, it happens. It can happen as a bad product can flourish in a market because of good administrative and marketing skills whereas a good product can lose in the market because of bad administrative and marketing skills. Good administrative skills involve aggressive marketing techniques, good communication skills, targeted advertising, online sales, attractive product display, accurate accounting procedures, what one owes to others, timely payment to creditors, payment of salaries to staff, ensuring clean and spacious shop layout, etc. Another area where one has to be particularly thorough is the stock and inventory position of each and every product. The shelf stock should not go empty at any point of time. Keep adding to the list of good administration, so that consumers keep coming in more often.

Competition - A Threat to Business

A new entrant in the area is treated as an alien by those who are already in the area and as such they will offer stiff competition. The best way to tackle this menace is to adopt unique ways to sell your products vis-à-vis your competitor, promote the product before opening the shop, offer discounts on sales, be friendly with your competitors, aggressive advertisement of your product through various media and also through website; instead of others being competitors to you, be a competitor to them by offering slightly lower prices for the products, etc. In the initial stages, you may also offer attractive gifts to customers and this can go on for a week or so.

Remember that attack is the best form of defence. Thus, instead of succumbing to competition, offer competition to others by a mixture of good administrative skills, offering price advantage, offering prizes/ gifts, attractive product display, reaching out to consumers, etc.

स्पैक्ट्रम
Spectrum
Quarterly House magazine Vol.XVI Oct-Dec. 2013

Contract of Indemnity & Contract of Guarantee

Madhusudan Jena
Sr. Manager (Law)



Section 124 of the Contract Act, 1872 defines a contract of Indemnity as "a contract by which one party promises to save the other from loss caused to him by the contract of the promisor himself, or by the conduct of any other person." In simple words, an indemnity is promise to compensate for another's loss.

There are two parties to such contract viz. the indemnifier and the indemnified.

- A contract of indemnity is restricted to cover the loss cause to the 'indemnity-holder' or 'indemnified' by the act of indemnifier (promisor) himself or to cover the loss caused by any third person.
- It is an original, independent, personal security undertaking given by a third party and is independent of the debtor / creditor relationship.

  Thus, the liability of the Indemnifier to the Indemnified is a primary liability, independent of the presence or default by a third party.

For example –

a) If the value of shares goes below the purchase price of Rs. 500, I will compensate you for the loss caused due to decline in prices.

b) An insurance contract is also a contract to indemnity.

Section 126 of the Contract Act, 1872 on the other hand defines a contract of Guarantee as "a contract to perform the promise, or discharge the liability of a third person in case of his default. The person who gives the guarantee is called the 'surety', the person in respect of whose default the guarantee is given is called the 'Principal debtor', and the person to whom the guarantee is given is called the 'creditor'. A guarantee may be either oral or written."

Essentially, there are three parties to a contract of Guarantee.

- The liability under a contract of Guarantee arises only if the principal borrower or debtor defaults in fulfilling his obligation.
- A contract of guarantee is a conditional promise by the surety that if the principal debtor defaults he shall be liable to the creditor.
- The liability of the surety to the creditor is collateral or secondary; the primary liability being that of the principal debtor.

For example – M will lend money to N, subject to P providing security by guaranteeing the loan. The guarantor P will become liable

under the contract of guarantee only if the debtor N defaults.

Differences:

- In a contract of indemnity there are two parties i.e., indemnifier and indemnified. A contract of guarantee involves three parties i.e., creditor, principal debtor, and surety.
- There is only one contract in case of a contract of indemnity, i.e., between the indemnifier and the indemnified. In a contract of guarantee there are three contracts, between the creditor and the surety and the principal debtor.
- In a contract of indemnity, it is not necessary for the indemnifier to act at the request of the indemnified. In a contract of guarantee, the surety should give the guarantee at the request of the debtor.
- In a contract of indemnity the liability of the indemnifier is primary and arises when the contingent event occurs. In a contract of guarantee, the liability of a surety to the creditor is collateral or secondary and arises only when the principal debtor defaults.
- The liability of the indemnifier arises only upon the happening of a contingency in case of a contract of indemnity. There is usually an existing debt or duty in case of a guarantee contract, the performance of which is guaranteed by the surety.
- The possibility of any loss is the only contingency against which the indemnifier undertakes to indemnify. In case of guarantee, there is an existing debt or duty to perform which is guaranteed by the surety.
- The indemnifier after performing his part of the promise has no rights against the third party and he can sue the third party only if there is an assignment in his favour. Whereas in a contract of guarantee, the surety steps into the shoes of the creditor on discharge of his liability, and may sue the principal debtor.



An indemnity provides for concurrent liability with the principal throughout and there is no need to "look first" to the principal. Essentially, it is an agreement that the surety will hold the financier harmless against all losses arising from the contract.

A guarantee provides for a liability co-extensive with that of the principal. In other words, the guarantor cannot be liable for anything more than the client. The document will be construed as a guarantee if, on its true construction, the obligations of the surety are to "stand behind" the principal and only come to the fore once an obligation has been breached as between the principal and the financier. The obligation is a secondary one, reflexive in character.

An indemnity arises on occurrence of an event, whereas a guarantee arises on default by a third party.

स्पैक्ट्रम
Spectrum
Quarterly House magazine Vol.XVI Oct-Dec. 2013

शब्दों के बनते-बदलते अर्थ

विजय कुमार सहगल
उप प्रबंधक (राजभाषा)

प्रत्येक शब्द का एक अर्थ होता हैं। किंतु यह अर्थ हमेशा एक नहीं रहता। उसमें परिवर्तन होता रहता है। उदाहरण के लिए संस्कृत का शब्द 'आकाशवाणी' लें। संस्कृत में इसका अर्थ 'देववाणी' है। तुलसी के समय में भी यही अर्थ था। अब आकाशवाणी का अर्थ–परिवर्तन होकर 'रेडियो' या 'ऑल इंडिया रेडियो' हो गया है। संस्कृत में 'जंघ' शब्द का अर्थ था– पैरों के घुटने से निचला भाग। हिंदी में यही शब्द 'जंघा' रूप में मिलता है और इसका अर्थ पैर का वह भाग होता है जो घुटने से ऊपर होता है। 'गंवार' शब्द का वास्तविक अर्थ था– गांव का रहने वाला। आज इस शब्द को 'असभ्य' या 'मूर्ख' के अर्थ में लिया जाता है। यहां अर्थ में परिवर्तन हुआ और भाषाविज्ञान में इसे अर्थ–परिवर्तन कहा गया है।

अर्थ–परिवर्तन की तीन दशाएं हैं– अर्थ–विस्तार, अर्थ–संकोच और अर्थादेश। अर्थ–विस्तार का अर्थ है, अर्थ का सीमित क्षेत्र से निकलकर विस्तार पा जाना। संस्कृत में 'तैल' शब्द का मूल अर्थ 'तिल का रस' है। अर्थात, संस्कृत में मूलतः तिल के तेल को ही 'तैल' कहते थे। हिंदी आदि आधुनिक भाषाओं का 'तेल' शब्द इसी 'तैल' से विकसित है, किंतु इसका प्रयोग अब सभी प्रकार के तेलों के लिए होता है। गोला, मुंगफली, मछली, मिट्टी का तेल तो तेल है ही, चिलचिलाती धूप में पसीने से लथपथ कोई व्यक्ति भी यह कहता मिल जाता है कि 'धूप में मेरा तेल निकल गया'। 'सब्ज' का अर्थ है– हरा। पहले पालक, भिंडी आदि तरकारियों को उनके रंग के आधार पर 'सब्जी' कहते थे। अब सब्जी शब्द के अर्थ में विस्तार हो गया है और सभी रंगों की सब्जियां 'सब्जी' कहलाती हैं। अब हर कार्य की समाप्ति 'इतिश्री' है। 'अभ्यास' का मूल अर्थ है, बार–बार बाण फेंकना अथवा सैनिक अभ्यास। परंतु, हिंदी में सभी कार्यों की आवृत्ति 'अभ्यास' है। 'गवेषणा', गो की एषणा या गाय की इच्छा या गाय की खोज थी, लेकिन अब किसी भी प्रकार की 'खोज' गवेषणा है। 'प्रवीण' मूलतः वीणा बजाने में पटु के अर्थ में प्रयोग होता था। अब किसी भी कार्य में निपुण को प्रवीण कह सकते हैं। व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के अर्थ भी विस्तृत हो जाते हैं बशर्ते, वे व्यक्ति बहुत अच्छे या बहुत बुरे हों। विभीषण, मंथरा, नारद, जयचंद, नादिरशाह, हिटलर, राम, सीता, सावित्री, गांधी आदि का प्रयोग उन सभी के लिए हो जाता है जो उस प्रकार की प्रवृत्तियों के होते हैं।

अर्थ–संकोच में अर्थ की परिधि पहले विस्तृत रहती है, फिर संकुचित हो जाती है। उदाहरण के लिए संस्कृत 'मृग' का मूल अर्थ 'पशु' है। 'शिकार' का वाचक 'मृगया' 'पशुओं के राजा' सिंह के लिए 'मृगराज' के प्रयोग में मूल अर्थ आज भी सुरक्षित है। आगे चलकर इस शब्द के अर्थ में संकोच हो गया और सभी पशुओं का वाचक शब्द 'मृग' केवल 'हिरन' का वाचक हो गया। वस्तुतः अर्थ–संकोच में अर्थ 'सामान्य' से परिवर्तित होकर 'विशेष' हो जाता है। 'जलज' जल में जनमने वाली और 'पंकज' पंक में जनमने वाली किसी चीज का वाचक रहा होगा, किंतु अर्थ–संकोच से ये दोनों शब्द केवल 'कमल' के वाचक रह गए। 'विद्यार्थी' मूलतः वे सभी लोग हैं जो 'विद्या के अर्थी' यानी 'विद्या के लिए' हैं। किंतु अब यह केवल 'छात्र' का समानार्थी हो गया है। 'मीट' अंग्रेजी शब्द मूलतः 'खाद्य' का द्योतक था। इसीलिए मिठाई को 'स्वीटमीट' कहते हैं। अब यह केवल एक खाद्य 'गोश्त' का द्योतक है। 'संध्या' का अर्थ किन्हीं भी दो कालों का 'संधि–काल' था। अब केवल 'सायंकाल' ही संध्या है। 'वेदना' पहले सुखद और दुखद, दोनों प्रकार की थी, अब केवल 'दुखद' ही वेदना है।

भाव–साहचर्य के कारण कभी–कभी शब्द के प्रधान अर्थ के साथ एक गौण अर्थ भी चलने लगता है। धीरे–धीरे प्रधान अर्थ का लोप हो जाता है और गौण अर्थ में शब्द प्रयुक्त होने लगता है। इसे अर्थादेश कहते हैं। ऋग्वेद की आरंभिक ऋचाओं में 'असुर' देववाची शब्द है, पर बाद में यह राक्षसवाची हो गया। 'वर' का अर्थ श्रेष्ठ था, पर अब इसका प्रयोग 'दूल्हे' के लिए होता है। 'दुहिता' का मूल अर्थ 'दूध देने वाली' था, जो अब 'पुत्री' के अर्थ में जाना जाता है। 'तटस्थ' तट पर रहने वाले को कहते थे, अब किसी का पक्ष न लेने वाला तटस्थ है। 'साहस' का संस्कृत में अर्थ, लूट, हत्या, चोरी, व्यभिचार आदि था। हिंदी में 'श्रेष्ठ उद्यम' साहस है। 'सभ्य' का अर्थ था– सभा के योग्य। अब सभ्य एक प्रशंसासूचक शब्द है। 'गोष्ठी' का मूल अर्थ था– गो के रहने का स्थान। अब विद्वानों, साहित्कारों और कवियों की गोष्ठी होती है। 'पाखंड' मूलतः सन्यासियों का एक संप्रदाय था। सम्राट अशोक इनका बहुत आदर करते थे। अब पाखंड 'ढोंग' का वाचक है।

स्पैक्ट्रम
Spectrum
Quarterly House magazine Vol.XVI Oct-Dec. 2013

एमएमटीसी कॉलोनी में

दशहरे का आयोजन



त्रिभुवन महतो
अध्यक्ष (आरडब्ल्यूए)

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एमएमटीसी आरडब्ल्यूए द्वारा एमएमटीसी कालोनी, नई दिल्ली, में असत्य पर सत्य की जीत, बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरे के त्यौहार का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा. किरण वालिया, मंत्री, दिल्ली सरकार ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर एमएमटीसी के निदेशक (विपणन)– सर्वश्री आनंद त्रिवेदी व पी.के. जैन के साथ–साथ एमएमटीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर एक एनजीओ– 'चिन्ह' के द्वारा भक्तिमय रंगारंग कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई जिसकी वहां उपस्थित सभी जनों ने सराहना की। इस अवसर पर एमएमटीसी कालोनीवासियों के अलावा आसपास के सभी इलाकों से भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर रंग–बिरंगी आकर्षक आतिशबाजी व विधिवत दशहरा पूजन के बाद रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। दहन के बाद एक 'लक्की–ड्रा' का भी आयोजन किया गया था जिसके विजेताओं की घोषणा स्थल पर ही की गई तथा उन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। अंत में एमएमटीसी प्रबंधन द्वारा कालोनीवासियों के लिए उपलब्ध करवाए गए 10 ग्राम के 20 सिल्वर सिक्कों का भी लक्की ड्रा के माध्यम से वितरण किया गया।

उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथिगणों व उपस्थित जनसमूह ने इस कार्यक्रम की भूरि–भूरि प्रशंसा की जिससे हमें अगले वर्ष भी दशहरे का आयोजन करने का संबल मिला। ज्ञात हो कि उपरोक्त कार्यक्रम एमएमटीसी प्रबंधन के सहयोग के बिना संभव नहीं होता अतएव हम सभी कालोनीवासियों व अपनी कमेटी की ओर से एमएमटीसी प्रबंधन का हार्दिक धन्यवाद करते हैं जिससे हमें समर्पण के साथ कार्य करने हेतु उत्साह मिलता है।



एमएमटीसी एवं आरडब्ल्यूए के कार्यकर्ता, दशहरे के अवसर पर

Superannuations at CO



Shri Rajeev Jaideva, Dir(P), with
Shri Jai Kumar Sharma

Shri Jai Kr. Sharma	Sr. Office Mgr
Date of Appointment	14/07/1980
Date of Retirement	31/10/2013
Service Rendered	Over 33 years



Shri Rajeev Jaideva, Dir(P), with
Shri T. Kumaran

Shri T. Kumaran	General Manager
Date of Appointment	26/09/1977
Date of Retirement	31/10/2013
Service Rendered	Over 36 years



Shri Rajeev Jaideva, Dir(P), with
Shri S.C. Chaturvedi

Shri S.C. Chaturvedi	General Manager
Date of Appointment	27/05/1977
Date of Retirement	30/11/2013
Service Rendered	Over 35 years



Shri P.K. Jain, Dir(Mktg.), with
Shri Daya Chand

Shri Daya Chand	Grade - III
Date of Appointment	29/01/1977
Date of Retirement	31/12/2013
Service Rendered	Nearly 37 years



Shri M.G. Gupta, Dir(F), with
Shri S.L. Arya

Shri S. L. Arya	Dy. Gen. Mgr
Date of Appointment	05/02/1980
Date of Retirement	31/12/2013
Service Rendered	Nearly 34 years



Shri Rajeev Jaideva, Dir(P), with
Shri Manga Ram

Shri Manga Ram	General Manager
Date of Appointment	08/11/1978
Date of Retirement	31/12/2013
Service Rendered	Over 35 years

MMTC acknowledges the dedicated service of its employees to the Corporation and wishes them the best in life.

In Other News...



On the occasion of the Valedictory Function of the Hindi Pakhwada 2013 at CO: the winners of various competitions with the organizers, accompanied by Director (P) Shri Rajeev Jaideva and Director (F) Shri M.G. Gupta.





An Open House Brainstorming session was held at CO on 17.12.2013 for exploring new business ideas and opportunities. The session was chaired by the functional Directors and attended by the senior management, DGM and above. More such sessions are being organized for MMTC employees at regular intervals.

एमएमटीसी लिमिटेड
MMTC LIMITED
भारत सरकार का उपक्रम
A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE
touching lives, adding value



श्री डी.एस.ढेसी

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का नर्व वर्ष संदेश 2014

प्रिय साथियों,

वर्ष 2013 हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसी वर्ष एमएमटीसी ने अपनी स्वर्ण जयंती को पूरा करते हुए 51वें वर्ष में प्रवेश किया है। अपनी इस यात्रा में नए पड़ाव की ओर बढ़ते हुए हमें अपनी क्षमता, दूरदृष्टि की शक्ति पर गर्व है जिसके आधार पर हमने अपने अस्तित्व की आधी शताब्दी को सफलता के साथ पूरा किया है।

पिछले पांच दशकों में एमएमटीसी ने बड़ी अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक कंपनियों में अपना स्थान बनाए रखने के लिए अपने कार्यक्षेत्रों में कई परिवर्तन किये हैं। एमएमटीसी आरंभ से ही अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले समुदायों को भी रचनात्मक सहयोग प्रदान करती रही है। अपने इस दायित्व के निर्वाह में पर्यावरण, समुदाय, स्टेकहोल्डर तथा समाज पर एक सकारात्मक प्रभाव डाला है। इन वर्षो में कंपनी ने अपने स्टेकहोल्डरों का अटूट विश्वास तथा असीम साख भी अर्जित किया है।

हमें भारत की व्यापारिक कंपनियों में अग्रणी रहते हुए नए वर्ष में आने वाली चुनौतियों को भी ध्यान में रखना होगा। उभरती अर्थव्यवस्थाओं के विकास की गति में आई मंदी का स्वाभाविक प्रभाव हम पर भी पड़ा है, परन्तु हम इन चुनौतियों का मुकाबला कर और भी मजबूत हुए हैं। इसके लिए उद्यमशीलता तथा उत्साह की आवश्यकता है।

विगत वर्षो में विश्व की अर्थव्यवस्था भी कई महत्वपूर्ण, रचनात्मक परिवर्तनों से होकर गुजरी है। पहले विकसित देशों के परम्परागत उद्योग ही विश्व की अर्थव्यवस्था को चलाते थे। परन्तु आज इसमें उभरते हुए देशों के नए उद्योगों की भूमिका अधिक सशक्त है। इन परिवर्तनों के आलोक में हमें अपने व्यापार के प्रारूप पर पुनरू विचार करना होगा तथा व्यापार के नये अवसरों के अनुरूप अपने व्यापार के माडलों को पुनरू सक्रिय करना होगा।

वर्ष 2012–13 में हमारी कंपनी ने 28,416 करोड़ रूपये के व्यापार का कारोबार किया जिसमें 2980 करोड़ का निर्यात, 20954 करोड़ रूपये का आयात तथा 4482 करोड़ रूपये का घरेलू व्यापार शामिल है। भारत सरकार ने एमएमटीसी में 9.33 प्रतिशत इक्विटी का विनिवेश भी किया है। यह विनिवेश शेयरों की बिक्री के लिए सेबी द्वारा सूचीगत कंपनियों में न्यूनतम सार्वजनिक शेयर होल्डिंग की आवश्यकता के अनुसार 'आफर फार सेल' के माध्यम से किया गया जिसके परिणामस्वरूप कंपनी की कुल पेड–अप इक्विटी में सरकार की इक्विटी घटकर 90 प्रतिशत रह गई है।

इसके अतिरिक्त, हमारे मेडालियन मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट, ज्वैलरी रिटेलिंग, फ्री ट्रेड वेयर हाउसिंग जोन, कोल माइनिंग, एनआईएनएल जैसे संयुक्त उद्यम,आने वाले समय में कंपनी की व्यापारिक गतिविधियों को और परिपूर्ण करेंगे।

नया साल परिवर्तन का संदेश लेकर आता है। हमें अपने सभी अग्रणी क्रिया कलापों में इन परिवर्तनों को पहचान कर, चुनौती तथा नवीकरण की सच्ची भावना के साथ, अंगीकार करना होगा । हमारे सभी कार्यो में निश्चित सफलता के लिए हमें अपनी रूढिवादी मानसिकता का त्याग करते हुए नवीकरण, अनुकूलता तथा वृत्तिक्षमता को अपनाना होगा। हमें अपने गौरवपूर्ण अतीत की उपलब्धियों के साथ, एमएमटीसी के और अधिक उज्जवल भविष्य के निर्माण का दृढ़ संकल्प लेकर नए वर्ष में प्रवेश करना चाहिए। अपने व्यापारिक लक्ष्यों की प्राप्ति में किए गए सभी कार्यो को करते समय हमें निरंतर सतर्कता भी बरतने की आवश्यकता है। कंपनी को सर्वोत्तम कारपोरेट गर्वनेंस प्रेक्टिस के लिए पूर्णतरू समर्पित होना होगा जिसके लिए कंपनी में एक मजबूत कारपोरेट गर्वनेंस (स्ट्रक्चर) के लिए समयबद्ध कार्ययोजना पहले से ही विद्यमान है।

नए वर्ष में कदम रखते हुए हमे अपने भीतर निहित उद्यमशीलता को प्रेरित करना होगा जिससे हमारी कारपोरेट महत्वकांक्षाएं व अपेक्षायें पूरी ही नहीं बल्कि इससे भी श्रेष्ठ हो। हमारा दृढ़ विश्वास है कि प्रत्येक नई चुनौती विकास की असीम संभावनाओं के द्वार खोलती है।

2014 के आगमन के साथ नए व्यापारिक आयाम प्राप्त करने की आशा करते हुए मैं आपके तथा आपके परिवार के लिए आने वाले वर्ष में सफलता, खुशहाली तथा समृद्वि की कामना करता हूँ।

डी॰ एस॰ ढेसी

श्री डी.एस.ढेसी
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

Corporate Office: Core-1, SCOPE Complex,7 Institutional Area, Lodhi Road, New Delhi-110003
Website: www.mmtclimited.gov.in